हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 17 अगस्त 2026

06 सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति चुनाव संपन्न...



।। श्री सांवलिया सेठ की जय ।।



संगम विहार

प्लॉट एवं डुप्लेक्स, सिंप्लेक्स

स्वतंत्रता दिवस

15 अगस्त

की हार्दिक शुभकामनाएं!



SANGAM VIHAR



सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों से फायनेंस सुविधा उपलब्ध



ADITI CONSTRUCTION & DEVELOPERS

Ahmedpur Road,
New Bypass,
Vidisha - 464001

CONTACT US

9893 48 2211
Sunil kumar gupta

9098 63 8501
Shivam Thakur

आप सभी देशवासियों को

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं





विवेक रैकवार
जिलाध्यक्ष



मोहित केवट
जिला महामंत्री
विदिशा



एड. देवेन्द्र केवट
जिलाउपाध्यक्ष
गंजबासौदा



रानी रैकवार
जिलाध्यक्ष



जयंती संतोष रैकवार
जिलाध्यक्ष, गंजबसौदा



मोहन रैकवार
जिला उपाध्यक्ष, हैदरगढ़



सोनू रैकवार
जिला मीडिया प्रभारी



राजकुमारी रैकवार
मीडिया प्रभारी
मांझी समुदाय समिति



लकी रैकवार
जिला प्रवक्ता

होटल श्री कन्हैया पैलेस मैरिज गार्डन

15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...

बुकिंग प्रारंभ

SHREE KANHAIYA PALACE MARRIAGE GARDEN



♦ शादी ♦ पार्टी ♦ जन्मदिन ♦ सेमिनार

अन्य सभी मांगलिक कार्यक्रम हेतु संपर्क करें



शैलेन्द्र पटेल
8462891111

हॉल, ए.सी. रूम, नॉन ए.सी. रूम उपलब्ध हैं




कन्हैयालाल पटेल

पता: मटरू पटेल का बगीचा, हनुमान मंदिर के पास,
करैया खेड़ा रोड, सागर बायपास, विदिशा (म.प्र.)




मप्र शासन के पूर्व मंत्री
स्व लक्ष्मीकांत शर्मा



नगर पालिका अध्यक्ष
मनमोहन साहू



नगर पालिका उपाध्यक्ष
मनोज साईनाथ



क्षेत्रीय विधायक
उमाकांत शर्मा

नगर पालिका परिषद सिरोंज की शहरवासियों से अपील

विज्ञप्ति के माध्यम

आइए, मिलकर बनाएं अपना शहर सुंदर, स्वच्छ और स्वस्थ



नगर पालिका सीएमओ
राम प्रकाश साहू



नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी
मनीष कुमार

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए नगर के प्रत्येक नागरिक का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

नगर पालिका की अपील -

- घर एवं दुकानों का कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें।
- सड़कों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएं।
- सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करें।
- स्वच्छता कर्मियों का सहयोग करें।
- सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं।
- अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहभागिता निभाएं।
- स्वच्छ शहर, सुंदर शहर - हम सबकी जिम्मेदारी।
- आइए, हम सभी मिलकर अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श बनाने का संकल्प लें।



नगर पालिका इंजीनियर
अखिलेश मारको



नगर पालिका राजस्व अधिकारी
बालमुकुंद कुशवाह





स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा के अधूरे सपनों को साकार करने में जुटे

विधायक उमाकांत शर्मा

विकास की गंगा बहाने के लिए दिन-रात हो रहा काम,
स्वच्छ और सुंदर सिरोंज की ओर बढ़ते कदम

सिरोंज शहर को सुंदर, स्वच्छ एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा लगातार प्रयासरत हैं। मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा क्षेत्र के विकास को लेकर देखे गए सपनों को साकार करने के उद्देश्य से विधायक उमाकांत शर्मा धरातल पर दिन-रात मेहनत कर विकास कार्यों को गति दे रहे हैं। उनके निर्देशन में नगर पालिका अध्यक्ष **मन मोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ** अपने समस्त पार्षदों की टीम के साथ कुशल एवं युवा नपा सीएमओ **राम प्रकाश साहू** व स्वास्थ्य अधिकारी **मनीष कुमार** के साथ नपा का मैदान अमला रात दिन शहर को सुंदर बनाने के कार्य को मूर्त रूप दे रहा है।

पेयजल संकट को मिली राहत



शहर में आमजन की सबसे बड़ी समस्याओं में शामिल पेयजल संकट को दूर करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया गया है। घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से नगर की गलियों में पानी की पाइपलाइन बिछाई गई, वहीं शहरवासियों को भविष्य में पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े, इसके लिए पानी की टंकियों का निर्माण भी कराया गया है।

जलभराव की वर्षो पुरानी समस्या से मिली राहत



नगर के अनेक ऐसे क्षेत्रों में, जहां वर्षों से बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या बनी रहती थी, वहां आवश्यक निर्माण एवं नालियों की व्यवस्था कर समस्या के समाधान का प्रयास किया गया है। शहर में विभिन्न स्थानों पर नालों एवं जल निकासी संबंधी कार्यों से नागरिकों को राहत मिलने लगी है।

स्वच्छता टीम ने संभाला शहर को सुंदर बनाने का मोर्चा



नगर पालिका परिषद सिरोंज के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू के नेतृत्व में स्वास्थ्य अधिकारी मनीष कुमार सहित स्वच्छता कर्मचारियों की पूरी टीम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लगातार अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। सुबह से लेकर देर रात तक सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कर्मचारी विभिन्न वार्डों और प्रमुख क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं।

स्वच्छता के क्षेत्र में मिली उपलब्धियां

ODF DOUBLE PLUS

GFC STAR RATING ONE

सिरोंज नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। शहर को पूर्व में खुले में शौच से मुक्त घोषित किया जा चुका है, वहीं स्वच्छता के क्षेत्र में ओडीएफ डबल प्लस की उपलब्धि तथा कचरा मुक्त शहर की श्रेणी में जीएफसी स्टार वन रैंकिंग प्राप्त होना नगर के लिए गौरव की बात है। इन उपलब्धियों में नगर पालिका प्रशासन, स्वच्छता कर्मचारियों एवं शहरवासियों की सहभागिता महत्वपूर्ण रही है।

सुंदर और विकसित सिरोंज बनाने का संकल्प



क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में सिरोंज शहर को विकास की नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सड़क, पेयजल, स्वच्छता, जल निकासी और नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से शहर की तस्वीर बदलने का प्रयास किया जा रहा है।

विकास कार्यों की झलक



पानी की टंकियों का निर्माण



पाइपलाइन विस्तार कार्य



नालों का निर्माण



सड़कों का सुद्रीकरण



स्वच्छता अभियान

स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा के सपनों को साकार करने और सिरोंज को सुंदर, स्वच्छ एवं विकसित शहर बनाने के संकल्प के साथ

विधायक उमाकांत शर्मा विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। नगर पालिका प्रशासन और स्वच्छता टीम के सहयोग से सिरोंज को एक आदर्श एवं सुविधा संपन्न शहर बनाने की दिशा में विकास का कारवां लगातार आगे बढ़ रहा है।

स्वच्छ सिरोंज • सुंदर सिरोंज • विकसित सिरोंज



आइए, मिलकर बनाएं अपना शहर

स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ

अपीलकर्ता :- नगर पालिका परिषद सिरोंज

खबर संक्षेप

निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन आज

विदिशा। रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर और सेवा सदन के संयुक्त तत्वावधान में 17 अगस्त को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रातः 9 बजे से शास्त्री नगर स्थित सेवा सदन में लगेगा। शिविर में आने वाले मरीजों की आंखों की निःशुल्क जांच की जाएगी। साथ ही मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। रोटरी ग्रेटर के सदस्यों ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और जरूरतमंद मरीजों को भी शिविर की जानकारी देकर उपचार के लिए प्रेरित करें।

बांसखेड़ी गूगल स्कूल में बिजली व्यवस्था बहाल

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत एकीकृत शाला परिसर बांसखेड़ी गूगल में लंबे समय से चली आ रही विद्युत समस्या का त्वरित समाधान किया गया। शैक्षणिक सत्र शुरू होने से विद्यालय में बिजली नहीं होने से विद्यार्थियों और शिक्षकों को परेशानी हो रही थी। अभियान के दौरान समस्या सामने आने पर अधिकारियों ने तत्काल लाइनमैन को मौके पर बुलाया। विद्युत व्यवस्था का निरीक्षण कर डीपी से विद्यालय का कनेक्शन कराया गया और बिजली बहाल कर दी गई। विद्युत सुविधा मिलने से विद्यालय में पठन-पाठन का वातावरण बेहतर हुआ है। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने समस्या के शीघ्र समाधान पर प्रसन्नता व्यक्त की।

विमुक्त, घुमंतु परिवारों के सर्वेक्षण का निरीक्षण



विदिशा। विमुक्त, घुमंतु एवं अर्धघुमंतु विभाग के संचालक एवं पूर्व कलेक्टर बुद्धेश वैद्य ने शमशाबाद सेक्टर के ग्राम करैया हीरालाल टापरा पहुंचकर जन अभियान परिषद द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने समुदाय के परिवारों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और सर्वेक्षण प्रपत्रों का अवलोकन किया। सर्वेक्षणकर्ताओं से चर्चा कर व्यावहारिक कठिनाइयों की जानकारी लेते हुए कार्य शीघ्र एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव, सर्वेक्षणकर्ता, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

बच्चों के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस, हरसंभव मदद का लिया संकल्प

विदिशा। लायंस क्लब संघमित्रा द्वारा शासकीय स्कूल रामद्वारा में बच्चों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्कूल के अध्यापकों के सम्मान के साथ हुई। इस दौरान करीब 150 बच्चों को नोटबुक, पेन और बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए। क्लब अध्यक्ष राजेंद्र कटारे ने संकल्प लेते हुए कहा कि वे पूरे वर्ष बच्चों की हरसंभव मदद करेंगे और शैक्षणिक सामग्री के अभाव में किसी भी बच्चे की पढ़ाई प्रभावित नहीं होने देंगे। कार्यक्रम में क्लब की पूर्व अध्यक्ष कमला चतुर्वेदी, सविता कटारे सहित स्कूल के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

हिउस चुनाव: शाम को अंतिम दौर में भारी संख्या में पहुंचा पुलिस बल

सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति चुनाव संपन्न, अध्यक्ष बने रामराज सिंह दांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। सुबह वोटिंग से पहले चारों प्रत्याशियों ने एकसाथ खड़े होकर दिया आपसी भाईचारे का संदेश।

सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के लिए आयोजित चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं लोकतांत्रिक वातावरण में संपन्न हुआ। लेकिन यह चुनाव बेहद प्रतिष्ठापूर्ण बन गया था क्योंकि शहर के प्रभावशाली लोग इस चुनाव में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इसमें शामिल हो गए थे। पूरा चुनाव सरदार सिंह रघुवंशी और रामराज सिंह दांगी के बीच रहा। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद विधिवत मतगणना कराई गई। मतगणना के अंतिम परिणाम में रामराज दांगी ने सर्वाधिक 1193 मत प्राप्त कर अध्यक्ष पद हासिल किया। निकटतम प्रतिद्वंद्वी सरदार रघुवंशी को 969 मत प्राप्त हुए। इस तरह रामराज दांगी ने 224 मतों के स्पष्ट अंतर से जीत दर्ज कराई। वहीं मिथिलेश दांगी को 184 तथा भूपेंद्र रघुवंशी को 56 मत मिले। मतगणना के दौरान 14 मत निरस्त किए गए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट संतोष शर्मा ने अंतिम परिणाम की घोषणा की। उन्होंने परिणाम सामने आते ही रामराज दांगी के समर्थकों में उत्साह और खुशी का माहौल दिखाई दिया।

सभी पक्षों ने निभाई लोकतांत्रिक मर्यादा

चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में प्रशासन, निर्वाचन अधिकारी, समिति पदाधिकारियों, प्रत्याशियों, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। सभी पक्षों ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करते हुए चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामराज दांगी के सामने अब धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को और अधिक मजबूती देने की जिम्मेदारी होगी।

साथ ही सभी वर्गों को साथ लेकर समिति के कार्यों को विस्तार देने और संगठन में आपसी समन्वय एवं एकता बनाए रखने की अपेक्षा भी उनसे की जा रही है। चुनाव परिणाम के बाद उम्मीदवारों ने सभी का आभार जताया। वहीं निकटतम प्रतिद्वंदी सरदार सिंह रघुवंशी ने अपने समर्थकों सहित मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी तरह रामराज सिंह दांगी ने भी सभी का आभार व्यक्त किया है।

रामराज दांगी को 1193 वोट प्राप्त हुए

मतगणना के दौरान पेटी से कुल 2416 मतपत्र निकले। इनमें प्रत्याशियों को मिले वोट इस प्रकार रहे। रामराज दांगी 1193 वोट, सरदार सिंह रघुवंशी 969 वोट, डॉ. मिथिलेश दांगी 184 वोट, भूपेंद्र रघुवंशी 56 वोट, 14 वोट खारिज हुए।

विदिशा में अगले तीन दिन बारिश के आसार बांध 59 फीसदी भरा

विदिशा। जिले में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। जिले में अब तक औसत 550 .8 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की 838 .6 मिमी बारिश से 287 .8 मिमी कम है। शुक्रवार को औसतन 0 .1 मिमी बारिश दर्ज हुई। सम्राट अशोक सागर बांध का जलस्तर 457 .50 मीटर है और बांध 59 .02 प्रतिशत भर चुका है। बांध क्षेत्र में अब तक 424 मिमी बारिश हुई है। बेतवा नदी का जलस्तर 1354 .90 फीट दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी का निम्न दबाव क्षेत्र डिप्रेशन में बदल गया है। इसके प्रभाव से विदिशा में अगले तीन दिन बारिश होने की संभावना है। किसानों और आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

नागरिक सहकारी बैंक में लहराया तिरंगा

विदिशा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, विदिशा में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैंक परिसर में सुबह 9 बजे बैंक अध्यक्ष अवधेश सिंह यादव ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम में बैंक के संस्थापक अध्यक्ष महेन्द्र सिंह यादव, उपाध्यक्ष रजनी जगदीश चंद राठी, संतोष शर्मा, संचालक विनिता विक्रमसिंह राजपूत, रितु आलोक जैन, राजनारायण यादव, लक्ष्मण सिंह कुशवाह, ज्ञानसिंह दांगी सहित बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेन्द्र राव भोसले, मुख्य महाप्रबंधक जितेन्द्र जैन एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री पटेल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी हुए सम्मानित



विदिशा। परेड के दौरान सलामी लेते हुए जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस परेड ग्राउंड में गरिमामय समारोह हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के आनंद विभाग (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। स्वतंत्रता दिवस समारोह का शुभारंभ राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन के साथ हुआ। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का लाइव उद्बोधन भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला व खण्ड स्तरीय कार्यक्रम स्थलों पर देखा सुना गया है। इसके लिए एलईडी स्क्रीन एवं साउंड सिस्टम की विशेष व्यवस्था की गई थी। मुख्य समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं तथा शहर के गणमान्य नागरिकों ने मुख्यमंत्री जी के संदेश का लाइव प्रसारण देखा और सुना। जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने विदिशा जिले के विकास उपलब्धियों का से संदेश वाचन के माध्यम से दिया। इसके पश्चात प्रगति के प्रतीक गुब्बारों को मुक्त आकाश में छोड़ा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने विदिशा के पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित समारोह में खुली जीप मे सवार होकर परेड़ का निरीक्षण किया। उनके साथ कलेक्टर अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी भी मौजूद थे। समारोह में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, शौर्यदल के द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। गणतंत्र दिवस अमर रहे के नारों के बीच हर्ष फायर किया गया। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया।

स्वतंत्रता दिवस पर समिति प्रबंधक की गैरमौजूदगी से ग्रामीण नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शाखा देवखजूरी अंतर्गत प्राथमिक कृषि सहकारी समिति कोलिंजा में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समिति प्रबंधक पूजा यादव के मौजूद नहीं रहने से ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। ग्रामीण झंडावंदन के लिए समिति कार्यालय पहुंचे, लेकिन वहां कोई जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद नहीं था। इसके बाद ग्रामीणों ने स्वयं ध्वजारोहण किया और समिति प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि राष्ट्रीय पर्व पर समिति कार्यालय में झंडावंदन कार्यक्रम नहीं होना देश की प्रतिष्ठा का अपमान है। मामले की जांच कर समिति प्रबंधक को तत्काल निलंबित किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

भारतीय किसान संघ का 2 दिवसीय अभ्यास वर्ग हुआ

विदिशा। किसान संघ का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर टीलाखेड़ी में हुआ। जिसमें वर्ष 2026-27 में एक लाख नई सदस्यता का लक्ष्य तय किया गया। रेखा दुबे को जिला सह-संयोजिका तथा बासौदा में मंजू ओसवाल को संयोजिका और अनिता माहेश्वरी को सह-संयोजिका बनाया है।

ग्यारसपुर में शान से लहराया तिरंगा, सरपंच ने किया ध्वजारोहण

ग्यारसपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत ग्यारसपुर सहित औलींजा, उहरकोटरा, मानोरा बंजरिया, इमलावदा, अटारी खेजड़ा, सियासी, कंजेला, पुरागौसाई, बंडवा, बोरी रामपुर और खिरिया जागीर में ध्वजारोहण किया गया। ग्राम पंचायत ग्यारसपुर में सरपंच राजू कुशवाह ने तिरंगा फहराया। संदीपनी विद्यालय में कार्यक्रम हुआ। जहां जनपद अध्यक्ष रजनी बृजेश लोधी ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच लीलाधर कुशवाह, प्रताप सिंह रघुवंशी, उपसरपंच प्रीतम लोधी, भागवत लोधी, पंचायत सचिव नरसिंह दास बैरागी, रोजगार सहायक शिवानी चौरसिया सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

नौकरी के नाम पर हजारों रु लेने का आरोप भुगतान मांगने पर धमकी देने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



स्काई मैक्स कंपनी में नौकरी लगवाने के नाम पर प्रतिमाह 18 हजार रुपए वेतन का भरोसा दिया। आवेदकों से दो माह तक काम भी कराया गया, लेकिन वेतन का भुगतान नहीं किया गया। रुपए वापस मांगने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। आवेदन देने के बाद भी पुलिस ने अब तक एफआईआर तक दर्ज नहीं की है।

स्काई मैक्स कंपनी द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं से हजारों रुपए लेने और बाद में भुगतान नहीं करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कुछ युवा आवेदकों ने सिविल लाइन थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार आवेदक बैगमगंज, ग्यारसपुर, सागर और विदिशा क्षेत्र के निवासी हैं। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा विभिन्न लोगों से 10 हजार से 52 हजार रुपए तक लिए गए। शिकायत में बताया गया कि दीपक अहिरवार, भूपेंद्र अहिरवार, सूरज अहिरवार और अमित यादव ने

वीरांगना अवंती बाई की शोभायात्रा निकली



ग्यारसपुर। वीरांगना रानी अवंती बाई के शौर्य, साहस और राष्ट्रभक्ति की स्मृति में लोधी समाज द्वारा ग्यारसपुर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा राज परिसर से प्रारंभ होकर कुशवाह शिवालय पहुंची। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल हुए। युवा देशभक्ति गीतों की धुन पर उत्साहपूर्वक नृत्य करते नजर आए। पैदल चलने के साथ दोपहिया और चार पहिया वाहनों का काफिला भी यात्रा में शामिल रहा। कुशवाह शिवालय पहुंचकर शोभायात्रा का समापन हुआ। यहां रानी अवंती बाई के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके शौर्य और पराक्रम को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में रानी अवंती बाई ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ वीरतापूर्वक संघर्ष करते हुए देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। इस अवसर पर खूब सिंह लोधी, लखन सिंह लोधी, उमेश लोधी, दीक्षा भारती लोधी, जिला पंचायत सदस्य राजेश लोधी, सरदार सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

अटल बिहारी वाजपेयी और रानी अवंतीबाई लोधी को किया नमन

> राष्ट्रसेवा, सुशासन और जनकल्याण में योगदान को याद किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कर अवंतीबाई लोधी को याद किया गया।

पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर अटल उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान उनके राष्ट्रसेवा, सुशासन और जनकल्याण में योगदान को याद किया गया। वहीं रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती पर बंटीनगर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। उनके साहस, शौर्य और मातृभूमि के प्रति समर्पण को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

दोनों कार्यक्रमों में विधायक मुकेश टंडन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनसेवा की प्रेरणा देता है, जबकि रानी अवंतीबाई लोधी का त्याग और शौर्य सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। कार्यक्रम में राकेश शर्मा, संदीप डोंगर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, सुनील साहू, वीरेंद्र सिंह राणा, दीप सिंह जादौन, राजू दांगी सहित पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गांधी सुमिरन मंच और सर्वोदय मंडल ने प्रभात फेरी से दिया गांधी,विनोबा के विचारों का संदेश



विदिशा। गांधी सुमिरन मंच एवं सर्वोदय मंडल द्वारा गांधी चौक से प्रभात फेरी निकाली गई। जो नीमताल, तिलकचौक एवं कागदीपुरा होते हुए पुन: गांधी चौक पहुंची। प्रभात फेरी के दौरान महात्मा गांधी, आचार्य विनोबा भावे, जयप्रकाश नारायण एवं सुब्बाराव के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। डॉ. सुरेश गर्ग ने कहा कि युवा पीढ़ी में अपार क्षमता है। आवश्यकता है कि युवाओं को सही दिशा और अच्छे विचार दिए जाएं। उन्होंने कहा कि जेन-जी अपने विचार खुलकर व्यक्त करती है और लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर अपनी राय बनाने में सक्षम है। इस ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देकर राष्ट्र निर्माण से जोड़ा जाना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. राजेश बंसल, मोहित रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वंदे मातरम के अपमान के विरोध में भाजपाईयों ने प्रदर्शन कर नीमताल तक निकाला कैंडल मार्च

विदिशा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के अपमान के विरोध में भाजपा ने रविवार को विशाल विरोध प्रदर्शन एवं कैंडल मार्च निकाला। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि 'वंदे मातरम' स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। शाम को माधवगंज चौराहे से नीमताल तक कैंडल मार्च निकाला गया। कार्यकर्ताओं ने तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए और कांग्रेस से माफी मांगने की मांग की। भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतीकों का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।





देशभक्ति गीतों से गूंजा टैगोर ऑडिटोरियम, ओलंपस हाई स्कूल प्रथम

महाराणा प्रताप के शौर्य और चेतक की वफादारी पर आधारित लोकगीत ने जीता पहला पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रवीन्द्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम में देशभक्ति गीतों पर आधारित विशेष संगीत एवं गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 11 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वाद्य यंत्रों के साथ विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभागार को राष्ट्रप्रेम के भाव से सराबोर कर दिया। गायन प्रतियोगिता में ओलंपस हाई स्कूल ने महाराणा प्रताप के शौर्य एवं चेतक की वफादारी पर आधारित राष्ट्रभक्ति लोकगीत प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय को 7 हजार का पुरस्कार मिला। नवांकुर, बासौदा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 5 हजार तथा शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरईपुरा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 3 हजार का पुरस्कार हासिल किया। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। संयोजक ऋषिकेश शर्मा और समन्वयक पुनीत संज्ञा शुक्ला रहे। प्रायोजक एसबीआई एडीबी ब्रांच रहा। ओलंपस हाई स्कूल के प्रबंधक मोहित रघुवंशी ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रदर्शन की सराहना की।






समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
श्री अरुण विश्वकर्मा
कलेक्टर
रीतेश तिवारी
जिला परिवहन अधिकारी
INDIA
सौ.: जिला परिवहन कार्यालय रायसेन


समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अरुण विश्वकर्मा
कलेक्टर
श्रीमति अल्पना राजपूत
प्राचार्य
INDIA
शास. हाई स्कूल, कलेक्ट्रेट कॉलोनी रायसेन


समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अरुण विश्वकर्मा
कलेक्टर
श्रीमति प्रतिभा शुक्ला
वन मंडलाधिकारी
INDIA
सौजन्यः सामान्य वन मंडल विभाग, रायसेन


समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अरुण विश्वकर्मा
कलेक्टर
डॉ. दिनेश खत्री
सीएमएचओ
INDIA
सौजन्यः सीएमएचओ कार्यालय, रायसेन


15 अगस्त
जय हिंद!
श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा
कलेक्टर
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
एवं बधाई
डॉ. रमेश शुक्ला
उप संचालक
सौजन्य से :
पशु चिकित्सालय, रायसेन


श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा
कलेक्टर
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
एवं
बधाई
बी.के. सूत्रकार
कार्यपालन यंत्री
सौजन्य से : लोक निर्माण विभाग, रायसेन


श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा
कलेक्टर
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
एवं
बधाई
सौजन्य : सिंचाई विभाग रायसेन


समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक-हार्दिक
शुभकामनाएं
श्री अरुण विश्वकर्मा
कलेक्टर
आर.एल. सेकबार
कार्यपालन यंत्री
INDIA
सौ.: लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रायसेन


श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा
कलेक्टर
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
एवं
बधाई
सौजन्य : जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक, रायसेन


श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा
कलेक्टर
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
एवं
बधाई
सौजन्य : वन मंडल अधिकारी,
उत्पादन वन मंडल रायसेन


श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा
कलेक्टर
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
एवं
बधाई
आर एस तिवारी
महा प्रबंधक
सौजन्य से - प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना रायसेन


श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा
कलेक्टर
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
एवं
बधाई
ब्रजेश जैन
कार्यक्रम अधिकारी
सौजन्य : महिला एवं बाल विकास विभाग, रायसेन


समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक-हार्दिक
शुभकामनाएं
श्री अरुण विश्वकर्मा
कलेक्टर
अनिल ओढ़
सिविल सर्जन
INDIA
सौजन्यः जिला चिकित्सालय, रायसेन


समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक-हार्दिक
शुभकामनाएं एवं
बधाईयां
INDIA
सौजन्यः देशी-विदेशी शराब दुकान, रायसेन


समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक-हार्दिक
शुभकामनाएं
श्री अरुण विश्वकर्मा
कलेक्टर
INDIA
सौजन्यः पीआईयू विभाग, रायसेन


समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक-हार्दिक
शुभकामनाएं
श्री अरुण विश्वकर्मा
कलेक्टर
INDIA
सौजन्य : कृषि उपज मंडी समिति, रायसेन


समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक-हार्दिक
शुभकामनाएं
श्री आशुतोष गुप्ता
पुलिस अधीक्षक
हरिओम अस्थाया
थाना प्रभारी, देवनगर
INDIA
सौजन्यः थाना देवनगर, जिला रायसेन


समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक-हार्दिक
शुभकामनाएं
श्री अरुण विश्वकर्मा
कलेक्टर
महेन्द्र पटेल
खनिज अधिकारी
INDIA
सौजन्यः जिला खनिज विभाग, रायसेन


समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक-हार्दिक
शुभकामनाएं
श्री अरुण विश्वकर्मा
कलेक्टर
स्वप्निल दुबे
कृषि वैज्ञानिक
INDIA
सौजन्यः कृषि विज्ञान केंद्र नकतरा, रायसेन


समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक-हार्दिक
शुभकामनाएं
श्री अरुण विश्वकर्मा
कलेक्टर
राजू कातुलकर
खाद्य अधिकारी
INDIA
सौजन्यः खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं
उपभोक्ता संरक्षण विभाग, रायसेन